# मॉडल – (03)
# विषय – लेखाशास्त्र, कक्षा – बारहवीं (हायर सेकेण्डरी स्कूल)
# विषय कोड – 320

समयः 3 घण्टे पूर्णांक– 100

---

निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 में चार खण्ड है। खण्ड (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (स) में सत्य/असत्य (द) एक वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 70 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं।प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

## खण्ड (अ)

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

**(i)** देयताएँ = संपत्तियाँ ('––)...................................।

**(ii)** बीजक एक ................................ प्रलेख है।

**(iii)** लेनदार द्वारा देनदार को एक निश्चित तिथि पर भुगतान करने का लिखित आदेश ........................कहलाता है।

**(iv)** यदि तलपट के दो स्तम्भों का योग समान है तो इसका अर्थ है कि .................. सही है।

**(v)** बैंक मे ग्राहक के खातों के प्रति........................कहलाती है।

## खण्ड (ब)

(ब) सहीं विकल्प चुनकर लिखिए –

**(i)** निम्न में से कौन सी संपत्ति पर ह्रास नहीं लगाया जायेगा –

(अ) मशीन (ब) संयंत्र (स) फोटो कॉपियर (द) स्टॉक

**(ii)** नए साझेदार द्वारा लायी गयी ख्याति की राशि पुराने साझेदार किस अनुपात में प्राप्त करते हैं –

(अ) त्याग अनुपात में (ब) नफे के अनुपात में

(स) पूंजी के अनुपात में (द) इनमें से कोई नहीं

**(iii)** निम्न में से कौन सी संपत्तियाँ गैर अभिलेखित मानी जायेगी –

(अ) पुराने फर्नीचर का विक्रय (ब) स्थिति विवरण में दिखाई गई ख्याति

(स) विनियोगों का विक्रय (द) इनमें से कोई नहीं

**(iv)** निजी कंपनी में सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है –

(अ) दो (ब) सात (स) बीस (द) पचास

**(v)** कौनसा वित्तिय विवरण विश्लेषणात्मक प्रतिशत दर्शाता है –

(अ) तुलनात्मक (ब) सामान आकार

(स) 'अ' व 'ब' दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड (स)

(स) बताइये निम्न कथन सत्य है या असत्य –

(i) इलेक्ट्रानिक स्प्रैडशीट को वर्कशीट भी कहते हैं।

(ii) एम.एस. एक्सेल का अर्थ डाटाबेस मैनेजमेण्ट सॉफ्टवेयर है।

(iii) अनुपात व्यवसाय की योजना बनाने और भविष्यवाणी में सहायक नहीं होते हैं।

(iv) इकहरा लेखा प्रणाली में तुलनात्मक अध्ययन करना कठिन होता है।

(v) आय व्यय खाता व्यापारिक संगठन द्वारा बनाया जाता है।

## खण्ड (द)

(द) एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए –

(i) अधिलाभ = औसत लाभ (–––)..........................

(ii) मृतक साझेदार को देय राशि का भुगतान किसे किया जाता है ?

(iii) वसुली खाता क्यों बनाया जाता है ?

(iv) कंपनी के कुल कितने प्रकार के अंश होते हैं ?

(v) कंपनी की कुल पूँजी का उल्लेख किस प्रपत्र में होता है ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (I)**

प्रश्न 2. पुस्तपालन किसे कहते हैं ?

प्रश्न 3. डूबत ऋण किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4. यदि तलपट के दोनो स्तंभों के योग समान नहीं है तो अंतर की राशि को किस खाते में लिखा जायेगा ?

प्रश्न 5. कम्प्यूटर में सी.पी.यू. क्या है ?

प्रश्न 6. संचित कोष का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 7. अलाभकारी संगठन किये कहते हैं ?

प्रश्न 8. विशिष्ट दान क्या है ?

प्रश्न 9. परिवर्तनशील पूंजी खाता पद्धति क्या है ?

प्रश्न 10. त्याग अनुपात क्या है ?

प्रश्न 11. साझेदारी फर्म के समापन का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 12. चालू अनुपात की गणना हेतु सूत्र लिखिए।

प्रश्न 13. इलेक्ट्रॉनिक स्प्रैडशीट की दो विशेषताएं लिखिए ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (II)**

प्रश्न 14. खाता बही के तीन लाभ लिखिए।

प्रश्न 15. प्रति प्रविष्टि क्या है ?

प्रश्न 16. मूल्य ह्रास लगाने तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 17. प्राप्ति भुगतान खाते और आय व्यय खाते में तीन अंतर लिखिए ?

प्रश्न 18. इकहरा लेखा प्रणाली की तीन लाभ लिखिए।

प्रश्न 19. एक कंपनी ने 10 रू. वाले 50000, 10% पूर्वाधिकार अंश जनता को निर्गमित किये। संपूर्ण राशि आवेदन के साथ प्राप्त हो गयी पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 20. अजय कुमार एण्ड कंपनी ने 1 अप्रैल 2007 को 20000 रू. में एक मशीन क्रय की। मशीन पर 10% वार्षिक की दर से मूल्य ह्रास लगाया जाता है। दो वर्षों का मशीन खाता बनाइये यदि मूल्य स्थायी किस्त पद्धति से लगाया जाता है। खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद किये जाते हैं।

अथवा

विजय कुमार एण्ड कंपनी ने एक मशीन 1 जनवरी 2007 को 10000 रू. में क्रय की। कंपनी 10% वार्षिक दर से क्रमागत ह्रास पद्धति के अनुसार ह्रास लगाती है। दो वर्षों का मशीन खाता बनाइये यदि खाता 31 दिसम्बर को बंद किया जाता है।

प्रश्न 21. एक कंपनी ने दूसरी कंपनी से 99000 रू. में मशीन क्रय की, भुगतान में 100 रू. वाले 8% ऋण पत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टि कीजिए।

अथवा

एक कंपनी नें 100 रू. वाले 300 अंशों को जब्त किया जिन पर 30 रू. प्रति अंश की अंतिम याचना राशि प्राप्त नही हुई है। अंशों की जब्ती का लेखा करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए।

प्रश्न 22. रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य समझाइये। (कोई चार)

अथवा

अनुपात विश्लेषण के चार लाभ समझाइये।

प्रश्न 23. इलेक्ट्रॉनिक स्प्रैडशीट की चार उपयोगिता समझाइये।

अथवा

पे–रोल के घटकों को समझाइये।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (I)**

प्रश्न 24. लेखांकन की किन्हीं चार अवधारणाओं को समझाइये।

अथवा

लेखांकन की प्रमुख चार सीमाओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. अ ब और स एक फर्म में साझेदार है। ये लाभ का विभाजन 3 : 2 :1 के अनुपात में करते हैं। अ फर्म से सेवानिवृत्त होता है। संपत्तियों व दायित्वों के पूनर्मूल्यांकन हेतु निम्न सहमति हुई –

(i) मशीन के मूल्य में 25000 रू. की वृद्धि होगी।

(ii) विनियोग के मूल्य में 2000 रू. की वृद्धि होगी।

(iii) बहियों में 1000 रू. अदत्त बिल के प्रावधान की अब आवश्यकता नहीं है।

(iv) भूमि व भवन के मूल्य में 12000 रू. की कमी होगी।

पूनमूल्यांकन खाता बनाइये।

अथवा

अ, ब और स एक फर्म में 2 : 1 के अनुपात में साझेदार है। 31 दिसम्बर 2012 को उनका चिठ्ठा निम्नानुसार था –

| दायित्व | राशि | संपत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 90000 | देनदार | 40000 |
| अ का ऋण | 40000 | विवध संपत्तियाँ | 140000 |
| पूँजी खाते – | | | |
| अ – 20000 | | | |
| ब – 30000 | 50000 | | |
| | 180000 | | 180000 |

उन्होंने उक्त तिथि को फर्म के विघटन का निर्णय किया। देनदारों से 30000 रू. तथा विविध संपत्तियों से 12000 रू. वसुल हुए। वसुली खाता बनाइये।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (II)**

प्रश्न 26. निम्नांकित शेषों से 31 दिसम्बर 2022 को तलपट बनाइये –

हस्तस्थ रोकड़ 2500 रू, देनदार 18200 रू, बैंक में रोकड़ 14500 रू, लेनदार 16600 रू. पूँजी 70000 रू. प्रारंभिक स्कंध 8700 रू, आहरण 9000, रू, मजदूरी 6700 रू, क्रय 60000 रू, विक्रय 82000 रू, वेतन 13400 रू, मशीन 47000 रू, देय विपत्र 11400 रू.।

अथवा

निम्नांकित सूचनाओं से 31 दिसम्बर 2022 को बैंक समाधान विवरण पत्र बनाइये –

(i) रोकड़ बही के अनुसार शेष 4200 रू.

(ii) 2000 रू. चेक निर्गमित किये लेकिन भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए।

(iii) 3000 रू. के चेक संग्रहण हेतु भेजे गये लेकिन संग्रहित नहीं हुए।

(iv) बैंक द्वारा 250 रू. व्यय के नामें किये गये।

प्रश्न 27. त्रिपाठी एवं चौहान एक फर्म में 3 : 2 के साझेदार हैं। उनकी पूंजी क्रमशः 60000 रू, तथा 40000 रू. है। वर्ष का लाभ 30000 रू. है। साझेदारी संलेख के अनुसार दोनों साझेदार वेतन के रूप में प्रतिमाह 1000 रू. तथा पूंजी पर 5% ब्याज पाने के अधिकारी है। वर्ष में त्रिपाठी ने 12000 रू. तथा चौहान ने 8000 रू. आहरित किये। आहरण पर 5% ब्याज दिया जायेगा। आप लाभ–हानि नियोजन खाता व साझेदारों का पूंजी खाता बनाइये।

अथवा

(अ) अ, ब और स एक फर्म में 2 : 1 : 1 के साझेदार हैं। स को प्रतिवर्ष के लाभ में न्यूनतम 10000 रू. की गारण्टी दी गई है। यदि लाभ में कोई भी कमी आती है तो वह ब द्वारा पूरा किया जायेगा। 31 दिसम्बर 2021 एवं 31 दिसम्बर 2022 को क्रमशः 40000 रू. तथा 60000 रू. का लाभ हुआ।

आप दो वर्षों का लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइये।